## संक्षिप्त समाचार

### गाजियाबाद में आग की घटना पर सीएम योगी ने लिया संज्ञान

**लखनऊ ।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम में बहुमंजिली आवासीय भवन में भीषण आग लगने की घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचने के निर्देश देते हुए राहत कार्य में तेजी लाने के लिए कहा। सीएम योगी ने कहा कि मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस कमिश्नर, डीएम को भी मौके पर पहुंचने के दिए निर्देश हैं। गौरतलब है कि बुधवार सुबह इंदिरापुरम थाना क्षेत्र स्थित गौड़ ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी में अचानक आग लग गई। आग की चपेट में कई फ्लैट आ गए। सूचना मिलते ही दमकल विभाग समेत अन्य टीमें बचाव के लिए मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। फिलहाल आग में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

### आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत, तीन झुलसे

**अमेठी।** थाना क्षेत्र के माठा गांव मजरे माहिया सिंदुरिया में आज एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के तीन लोग उसकी चपेट में आ गए। इस हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके माता-पिता गंभीर रूप से झुलस गए हैं। गिरजा शंकर पुत्र शिव आधार, उनकी पत्नी सुनीता और पुत्र मोहित घर के पास मौजूद थे, तभी अचानक बिजली गिर गई। तेज धमाके के साथ हुई इस घटना में मोहित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गिरजा शंकर और सुनीता गंभीर रूप से घायल हो गए।

### तूफान में ढहा साइन बोर्ड,चार लोगों की गंभीर से घायल

**अमेठी ।** मुसाफिरखाना क्षेत्र के नन्दमहर चौराहे पर तेज आंधी-तूफान के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। तेज हवाओं के चलते सड़क किनारे लगा साइन बोर्ड अचानक गिर पड़ा, जिसकी चपेट में आकर चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत साम.ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, । घायलों में शुभम मिश्रा, शिव पूजन, अहम दुबे और लक्ष्मी शामिल हैं।डाक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। तेज तूफान के कारण क्षेत्र में कई जगहों पर नुकसान की खबरें भी सामने आ रही हैं।

# 50 अग्नि पीड़ितों का फिर बसाया घर

## टीम लखनऊ की टीम व मस्जिद अजहर कमेटी के जिम्मेदारों ने निभाया संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** विकासनगर क्षेत्र में 15 अप्रैल को लगी भीषण आग ने पूरी बस्ती की जिंदगी को तहस-नहस कर दिया था। इस भयावह अग्निकांड में लगभग 450 झोपड़ियां जलकर राख हो गई थीं। आग ने केवल घरों को ही नहीं जलाया, बल्कि सैकड़ों परिवारों के सपने, खुशियां, अरमान और जीवनभर की मेहनत भी अपने साथ राख कर दी थी।



टीम लखनऊ की टीम तथा मस्जिद अजहर कमेटी के जिम्मेदारों ने तुरंत अग्नि पीड़ित परिवारों से मुलाकात की, उनकी स्थिति का जायजा लिया। यह वितरण कार्यक्रम इंदिरा नगर के पानी गांव स्थित टीम लखनऊ कार्यालय में आयोजित किया गया, जहां मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली की सरपरस्ती में, मौलाना काल्बे सिबतैंन नूरी, लखनऊ पश्चिम विधानसभा के विधायक अरमान खान, वरिष्ठ समाजसेवी मुरलीधर आहूजा, टीम लखनऊ की संरक्षक निगहत खान की मौजूदगी में 50 परिवारों को आवश्यक घरेलू सामान वित.रित किया गया। सिर्फ घरेलू सामान ही नहीं, बल्कि जिन परिवारों की साइकिलें जल गई थीं उन्हें नई साइकिलें, जिनकी सिलाई मशीनें आग में नष्ट हो गई थीं उन्हें सिलाई मशीनें, और जिनके रोजगार के ठेले जल गए थे । इस सेवा कार्य में टीम लखनऊ के अध्यक्ष मुर्तुजा अली, संस्थापक सदस्य जुबैर अहमद, अब्दुल वहीद,वामिक खान, शैला जमां, यू पी सिख विचार मंच के अध्यक्ष गुरजीत सिंह छाबड़ा,कपिल अरोड़ा,जसबीर गांधी, तौसीफ हुसैन, खालिद इस्लाम, मो. शोएब, कुदरत खान, हलीमा अजीम, तबीर, शालिनी सिंह, मो. कैफ, सुफियान,असद उमर, तौसीफ आलम, खुशतर जालीश,मो. आफाक, चौधरी शादाब कुरैशी, मोहम्मद अफजाल,महेश दीक्षित,फहद हसन, धर्मेंद्र तिवारी, सुरेश रावत,तथा अमृतसर सेवा पुलिस के कर्नल राकेश कुमार की ओर से भी अग्नि पीड़ितों को सहायता प्रदान की गई। इ टीम लखनऊ के सरपरस्त मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा कि टीम लखनऊ आपदा के समय जहां भी जरूरत होती है, वहां मदद पहुंचाने का कार्य करती है। टीम लखनऊ की संस्थापक सदस्य निगत खान ने कहा कि लोगों की मदद करना ही सच्ची इंसानियत है।अब्दुल वहीद ने हमारा मकसद सिर्फ इंसानियत की सेवा है।

# वयस्कों के बीच सहमति से बने संबंध दुष्कर्म नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दुष्कर्म मामले में अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि सहमति से बने लंबे समय के शारीरिक संबंधों को दुष्कर्म की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता।

कोर्ट ने मामले के तथ्यों का अवलोकन करने के बाद पाया कि पीड़िता और आरोपी के बीच के संबंध प्रथम दृष्टया सहमति पर आधारित प्रतीत होते हैं। इसी आधार पर कोर्ट ने दुष्कर्म के मामले में दायर अग्रिम जमानत अर्जी सशर्त स्वीकार कर ली। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव लोचन शुक्ला की पीठ ने बंसराज यादव की अर्जी पर दिया है।आजमगढ़ के सिधारी थाने में याची पर पीड़िता ने दुष्कर्म व अन्य आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरा.ेपी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दायर की। पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने पाया कि पीड़िता 35 वर्षीय विधवा है। उसने अपने बयान में स्वीकार किया कि वह वर्ष 2022 से आरोपी के साथ फोन पर बातचीत कर रही थी। उनके बीच संबंध थे। कोर्ट ने टिप्पणी की कि एफआईआर में आरोपी पर डरा-धमकाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया, लेकिन पीड़िता का मजिस्ट्रेट के समक्ष दिया गया बयान और मेडिकल जांच के दौरान डाक्टर को दी गई जानकारी अलग ही कहानी बयां करती है। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि एफआईआर और बीएनएसएस की धारा 183 के बयानों में विरोधाभास अभियोजन की कहानी पर संदेह पैदा करता है।

# सरकार ने देशभर के आजमीन पर 10 हजार का कर्जा ठोका: अनीस मंसूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** हज जैसे मुकद्दस फर्ज की अदायगी के लिए जा रहे गरीब मुसलमानों पर श डिफरेंशियल एयरफेयरश के नाम पर घ10,000 का अतिरिक्त बोझ डालने के फैसले ने अब एक बड़े विवाद का रूप ले लिया है।



मंसूरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश से हज पर जाने वाले अधिकांश आजमीन पसमांदा तबके से आते हैं, जो सालों तक अपनी पाई-पाई जोड़कर इस पाक सफर की रकम जुटाते हैं। मंसूरी ने तीखे लहजे में सवाल उठाया । सरकार ने हर हाजी को अपना कर्जदार बना दिया। घ्मंत्री और अधिकारियों की जवाबदेही पर प्रहार घ्अनीस मंसूरी ने स्पष्ट रूप से केंद्रीय मंत्री किरन रिजीजू और हज कमेटी आफ इंडिया के सीईओ शनवास सी. को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि उन्हें देश के सामने इस वसूली का वास्तविक आधार बताना चाहिए। मंसूरी ने उत्तर प्रदेश राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष दानिश आजाद अंसारी और उनकी पूरी टीम की खामोशी पर कड़ा प्रहार किया। हाजियों के हक के लिए आवाज उठाते हुए 10,000 की बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग करें।

# हाईकोर्ट में समान लाभ का दावा खारिज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने समान लाभ का दावा करने वाली याचिका को खारिज करते हुए अपने फैसले में स्पष्ट किया है कि श्रम चिकित्सा सेवा द्धईएसआईऋ के डाक्टरों की तुलना प्रांतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा (पीएमएचएस) के डाक्टरों से नहीं की जा सकती।



■ श्रम चिकित्सा सेवा के डाक्टरों की तुलना प्रांतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा के डाक्टरों से नहीं की जा सकती

न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति विवेक सरन की खंडपीठ ने राज्य सरकार की विशेष अपील को स्वीकार करते हुए कहा कि दोनों सेवाओं के डाक्टरों के कार्यों की प्रकृति, दायित्व और कार्यभार पूरी तरह भिन्न हैं। इसके साथ ही खंडपीठ ने एकल पीठ के उस पुराने आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें ईएसआई डाक्टरों को पीएमएचएस के समान पदोन्नति व अन्य लाभ देने की बात कही गई थी।राज्य सरकार की विशेष अपील पर अपर महाधिवक्ता अशोक मेहता व अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता ने दलील दी कि पीएमएचएस संवर्ग के डाक्टर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक पूरी जनता के उपचार के लिए जिम्मेदार होते हैं। उनके कार्यों में जटिल सर्जरी, आपातकालीन सेवाएं और पोस्टमार्टम जैसे गंभीर उत्तरदायित्व शामिल हैं। उनके कार्य सीधे तौर पर जनमानस के स्वास्थ्य से जुड़े हैं। इसके विपरीत, श्रम चिकित्सा सेवा के डाक्टरों का कार्यक्षेत्र केवल ईएसआई योजना के तहत बीमित व्यक्तियों तक ही सीमित है।

खंडपीठ ने पक्षों को सुनने के बाद कहा कि केवल एक ही चिकित्सा पद्धति द्धएलोपैथीऋ से जुड़े होने के आधार पर वेतन और भत्तों में समानता का दावा नहीं किया जा सकता। किसी भी सेवा के लाभ तय करने के लिए कार्य की गंभीरता और जिम्मेदारी का स्तर देखा जाना अनिवार्य है। इस प्रकार, दोनों संवर्गों की संरचना और सेवा शर्तें अलग होने के कारण उन्हें एक समान श्रेणी में नहीं रखा जा सकता।

# खालसा में मेधावी छात्र हुए सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** खालसा इंटर कॉलेज लखनऊ में कॉलेज प्रबंधक स. राजेन्द्र सिंह बग्गा एवं प्रधानाचार्य स. विरेंद्र सिंह ने यूपी बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यालय के हाई स्कूल एवं इंटर मीडिएट के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया द्य



इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक की धर्म पत्नी श्रीमती अमरजीत कौर ने कार्यक्रम में शामिल होकर सभी मेधावियों को अपना आशीर्वाद दिया द्य इंटर मीडिएट विज्ञान वर्ग में 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छात्र हर्षवर्धन ने कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया द्य जबकि हाई स्कूल में विज्ञान वर्ग के छात्र अर्जुन चौहान ने 75.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया द्य

इंटर मीडिएट बोर्ड परीक्षा में विज्ञान वर्ग में कॉलेज के छात्र हर्षवर्धन ने 81 प्रतिशत, एकलव्य ने 76.2 प्रतिशत एवं सुधांशु ने 74 प्रतिशत अंक प्राप्त किये जबकि कामर्स वर्ग में छात्रा कंचन पाण्डेय 75.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में अव्वल रही द्य छात्र नितिन कुमार गुंजन 67.8 प्रतिशत एवं कोमल गौतम 64.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहेद्य

हाईस्कूल विज्ञान वर्ग में अर्जुन चौहान ने 75 प्रतिशत अंक, शिवम यादव ने 69 प्रतिशत एवं सागर गुप्ता ने 68.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कियाद्य हाई स्कूल कामर्स वर्ग में वेदांशु ने 69.83 प्रतिशत, शुभ रावत ने 64.5 प्रतिशत एवं वैभव शर्मा ने 64.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कामर्स वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कॉलेज प्रबंधक स. राजेन्द्र सिंह बग्गा ने सभी मेधावियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

# देवी व वर्षा को मिला सृजन सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यू पी प्रेस क्लब व उत्तर प्रदेश साहित्य सभा द्वारा 168 वां सम्मान बैसवारा के कवि डा देवी बख्श सिंह बैस को कविता के लिए सृजन व वर्षा वर्मा को समाज सेवा के लिए सृजन प्रेरणा सम्मान हसीब सिद्दीकी, सर्वेश अस्थाना डा कमलेश शुक्ल व अध्यक्ष भ्रमर बैसवारी ने शाल व सम्मानपत्र से किया।




पंकज प्रसून के प्रारंभ द्वारा निशा सिंह नवल के संयोजन व संचालन में प्रतिभा श्रीवास्तव की वाणी वंदना के साथ हुये कविसम्मेलन में निर्मल श्रीवास्तव, सुभाष गुरुदेव, बेअदब लखनवी, तमाचा लखनवी, दीपिका, कुलदीप सिंह, सौरभ जैसवाल, योगी योगेश शुक्ल, शालिनी राय, प्रमोद श्रीवास्तव, राजीव वत्सल, रवि शंकर रवि, पारस श्रीवास्तव, अरविंद झा, जगत नारायण, विनोद शंकर शुक्ल, महेश चंद्र गुप्त, अनिता अरोड़ा, नेहा शिवम, श्रीश दीक्षित, डा रुद्रमणि, सुरभि सिंह, मनोज कुमार, वैरागी महाकाल, अच्युतानंद, रजनी राय,आलोक शंकर, गिरधर खरे, चंचल प्रतापगढ़ी, गोबर गणेश, अजय वर्मा, वीरपाल सिंह निश्छल ने काव्यपाठ किया। धन्यवाद ज्ञापन सर्वेश अस्थाना ने किया।

# बस्ती की सूरत बदलने को 901 लाख मंजूर

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ ।** पर्यटन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य योजना के अंतर्गत बस्ती जनपद के अंतर्गत आने वाली विभिन्न विधानसभाओं के लिए 901 लाख रूपये की 11 परियोजनाएं स्वीकृत की गई है।

इन परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए सीएनडीएस को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए गए है कि समस्त कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरा करे। जिससे इसका फायदा श्रद्धालुओं को समय से मिल सके। इन परियोजनाओं में अधिकांश धार्मिक स्थलों पर बुनियादी सुविधाएं सृजित करने तथा सौंदर्यीकरण का कार्य शामिल है। यह जानकारी आज यहां प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि हरैया विधानसभा क्षेत्र में स्थित चतुर्भुजी मंदिर लोनिया का पर्यटन विकास के लिए 75 लाख रूपये, महादेवा स्थित प्राचीन स्वयंभू शिव मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 65 लाख रूपये, रूधौली के विकास खण्ड भानपुर में बैडवा समय माता मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 78 लाख रूपये, महादेवा स्थित रामजानकी मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 72 लाख`, कप्तानगंज विधानसभा क्षेत्र में स्थित बाबा भारीनाथ शिव स्थल के पर्यटन विकास के लिए 106 लाख रूपये तथा बस्ती सदर के बीएमसीटी मार्ग बस्ती कैम्पियरगंज स्थित कोडरा चौराहे पर शिव मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 107 लाख रूपये की धन. राशि स्वीकृत की गई है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि बस्ती सदर विधानसभा में भदेश्वरनाथ गांव में स्थित शिवधाम श्री बाबा भदेश्वर नाथ मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 200 लाख रूपये, रूधौली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बहुउद्देशीय सुविधाओं के लिए 44 लाख रूपये, महादेवा के ग्राम चंगेरवा गगिया कोहल में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में बहुउद्देशीय सुविधाओं के लिए 65 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है।

# स्मार्ट मीटर के खिलाफ सपा ने मोर्चा खोला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** कैंट विधान सभा क्षेत्र के छावनी समेत विभिन्न स्थानों पर लगातार स्मार्ट मीटर विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के घरों में लगाने की शिकायत पर समाजवादी पार्टी के नेताओ ने आम जनता को लेकर चीफ कार्यालय विधुत विभाग हुसैनगंज का घेराव करने का काम किया और कार्यालय में चीफ को ज्ञापन देकर आगामी समय में बिना उपभोक्ता के मर्जी के किसी के घर पर स्मार्ट मीटर ना लगे। ये सुनिश्चित कराने को कहा उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी प्रदीप शर्मा कैंट के पूर्व अध्यक्ष रितेश साहू पूजा शुक्ला भसीन पार्षद रहे अरविंद यादव अंजलि मसीह फरीद बेग जगदीश यादव गोपाल कनौजिया मुकेश धानुक मनोज यादव अभिषेक भट्ट अमन धानुक राजू यादव बाबी धानुक डाक्टर अभिषेक विशाल रावत प्रदीप कुमार पार्षद प्रत्याशी मनोज सिंह गुलजार खान अमित लवली मनोज यादव निशू वर्मा सुधीर पांडेय संजय राजपूत सुमित राजप.ूत जानू कंचन अजीम लता जयसवार हिना समेत पीड़ित उपभोक्ता मौजूद रहे।




# कर्नलगंज में ज्वेलर्स से दिनदहाड़े असलहे की नोक पर लाखों की लूट

**गोंडा।** जिले के कर्नलगंज में मंगलवार सुबह नौ बजे के करीब अपाचे सवार अज्ञात बदमाशों ने असलहे की नोक पर सर्राफा व्यवसाई से लाखों का सोना-चांदी और नगदी लूट कर धमकाते हुये फरार हो गये।

वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया ।कर्नलगंज के सदर बाजार निवासी राजन सोनी पुत्र सीताराम ने बताया कि,मंगलवार की सुबह नौ बजे के करीब वह आभूषण और नगदी से भरा बैग लेकर अपनी दुकान पर जा रहा था।जैसे ही वह नारायणपुर माझा रेलवे क्रासिंग स्थित खाटूश्याम मंदिर के पास पहुंचा तभी अज्ञात अपाचे बाइक सवार बदमाश आये और उसकी कनपटी से असलहा सटाते हुये उसका एक किलो चांदी,चालीस ग्राम सोना ,चालीस हजार रुपए नगद रखा झोला छीन लिया इसके बाद उसका मोबाइल फोन भी लेकर जाने लगे । जब पीड़ित ने शोर मचाने हुये बदमाशों का पीछा किया तो उन्होंने जान से मार डालने की धमकी देते हुए फरार हो गए।दिनदहाड़े हुई लूटपाट की घटना से इलाके के लोग सहमे हैं।

# मेधावी कनिष्का को अखिलेश ने भेजी साइकिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** आदर्श कन्या इंटर कॉलेज की हाईस्कूल की छात्रा कनिष्का ने उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची में 22वां स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



कनिष्का प्रजापति की इस शानदार उपलब्धि पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, अखिलेश यादव के निर्देश पर आज उन्हें उपहार स्वरूप साइकिल भेंट की गई।समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव विशेष रूप से विधानसभा गदरपुर के ग्राम चकरपुर स्थित कनिष्का के निवास पर पहुंचे। उन्होंने कनिष्का को साइकिल भेंट करने के साथ ही उन्हें शाल ओढ़ाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इस दौरान अरविंद यादव ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए पूरे परिवार को बधाई दी। चकरपुर निवासी लेखराज प्रजापति जो गांव में ही स्पेयर पार्ट्स की दुकान चलाते हैं, की पुत्री कनिष्का ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन और नियमित मेहनत को दिया है।

कनिष्का ने बताया कि वह घर पर रोजाना दो घंटे मन लगाकर पढ़ाई करती थीं। भविष्य में उनका सपना एक जेई (जूनियर इंजी. नियर) बनकर देश की सेवा करने का है। सम्मान समारोह के दौरान मुख्य रूप से क्षेत्र पंचायत सदस्य अमित कुमार, विधानसभा अध्यक्ष मो. आजम, नगर उपाध्यक्ष रहीस लाला, अरविंद दिवाकर, रमेश प्रधान, मेवाराम प्रधान, बाबूराम दिवाकर, यतिन सागर, विशाल यादव, शिवराज सिंह, आकाश प्रजापति, जगदीश भारती, रामकिशन प्रजापति और दबीर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दो पक्षों के बीच मारपीट, 11 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा के छलेरा गांव में दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे और पत्थर चले। इसमें कुछ लोगों को हल्की चोट लगी। मामले में पुलिस ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि हाथों में लाठी डंडे लेकर दोनों पक्षों के लोग एक दूसरे को दौड़ा रहे हैं। मामला थाना सेक्टर-39 क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि छलेरा गांव में प्रथम पक्ष की नन्दिनी पुत्री हरिप्रकाश की शादी करीब एक साल पहले अर्जुन पुत्र मनोज के साथ हुई थी। शादी के बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर मंगलवार रात को दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया और नौबत मारपीट तक आ गई।



**दोनों पक्षों ने दी शिकायत:** वीडियो में साफ दिख रहा है दोनों पक्षों के लोग हाथ में लाठ डंड लिए मारपीट कर रहे है। जिसमें कुछ लोगों को चोट भी आए। जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। दोनों पक्षो की ओर से थाना सेक्टर-39 में शिकायत दी गई। जिसके बाद पुलिस ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा मारपीट में शामिल और लोगों की गिरफ्तारी भी जल्द की जाएगी।

पुलिस ने बताया कि पति पक्ष से अर्जुन, मनोज, बिंदर, सूरज और करन को गिरफ्तार किया है। वहीं महिला पक्ष से ललित, सुनील, तुषार, मंगल, सोनू, नंदिनी को गिरफ्तार किया है।

## गौतमबुद्ध नगर में 45 स्कूलों को नोटिस जारी

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में जिला शुल्क नियामक समिति ने फीस वृद्धि के नियमों का उल्लंघन करने और समिति के निर्देशों का पालन न करने के आरोप में 45 स्कूलों को नोटिस जारी किया है। इन स्कूलों को अगली बैठक में अपना पक्ष रखने के लिए तलब किया गया है। बताया जा रहा है किफीस वृद्धि संबंधी नियमों का उल्लंघन और समिति के निर्देशों की अनदेखी के चलते ये कार्रवाई की गई है। 45 स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। इन स्कूलों को अगली नियामक समिति की बैठक में उपस्थित होकर जवाब देना होगा।

# नोएडा में नया पुलिस कमिश्नरेट मुख्यालय बनेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा पुलिस कमिश्नरेट के लिए जल्द ही स्थायी और आधुनिक मुख्यालय मिलेगा। प्राधिकरण ने सेक्टर-152 और 153 के बीच करीब 13,300 वर्गमीटर जमीन चिन्हित की है। इस जमीन के आवंटन की फाइल सीईओ के पास मंजूरी के लिए भेज दी गई है। मंजूरी मिलते ही निर्माण प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

यह जमीन पुलिस कमिश्नरेट को मात्र 1 रुपए की लीज पर दी जाएगी। इससे पुलिस विभाग को लंबे समय से स्थायी मुख्यालय की तलाश खत्म होगी और प्रशासनिक कामकाज भी एक ही परिसर से संचालित हो सकेगा। जमीन आवंटित के बाद बिल्डिंग का डिजाइन और निर्माण दोनों ही प्राधिकरण करेगा। निर्माण के बाद पुलिस प्रशासन को हैंडओवर कर देगा। फिलहाल पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय सेक्टर-108 स्थित भवन में संचालित हो रहा है। यह बिल्डिंग मूल रूप से ट्रैफिक पार्क के रूप में विकसित की गई थी, जिसे एआरटीओ विभाग के उपयोग के लिए तैयार कराया गया था। बाद में जरूरत को देखते हुए इसे पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय के लिए उपलब्ध करा दिया गया।

नए मुख्यालय के निर्माण के बाद सेक्टर-108 स्थित मौजूदा भवन को खाली किया जा सकता है। इसके बाद इस परिसर का उपयोग दोबारा ट्रैफिक प्रबंधन, सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण या अन्य सरकारी जरूरतों के लिए किया जा सकता है। नए परिसर में प्रशास. निक दफ्तर, कंट्रोल रूम, मीटिंग हॉल, रिकॉर्ड सेक्शन, पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

**जमीन आवंटन की प्रक्रिया होगी शुरू:** एसीईओ सतीश पाल ने बताया कि जमीन आवंटन की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। जल्द ही स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। नए पुलिस मुख्यालय के बनने से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना क्षेत्र की पुलिस व्यवस्था को और बेहतर तरीके से संचालित करने में मदद मिलेगी। साथ ही आम लोगों को भी तेज और प्रभावी पुलिस सेवाएं मिलने की उम्मीद है।

## बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**नोएडा।** सेक्टर-20 थानाक्षेत्र में बाइक की टक्कर से महिला मौत हो गई। मृतका अट्टा बाजार के गली नंबर दो में रहती थीं। उनके बेटे रोशन ने पुलिस को शिकायत दी है। रोशन ने पुलिस को बताया कि सोमवार सुबह दस बजे उनकी मां पूनम देवी किसी काम से अट्टा बाजार जा रही थीं। पिलर नंबर 82 के पास तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए आए युवक ने पूनम देवी को टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने उन्हें नजदीक के अस्पताल में पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नोएडा में ई-ऑक्शन से होगा क्योस्क का आवंटन

## दो सेक्टरों में 34 क्योस्क; खुलेंगी खाने-पीने की दुकान, मिलेगा स्ट्रीट फूड का मजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बॉटनिकल गार्डन व जीआईपी मॉल के बीच में और सेक्टर-18 में नोएडा प्राधिकरण की ओर से बनाए गए क्योस्क का संचालन अब मंथली रेंट पर किया जाएगा। आवंटन की प्रक्रिया ई ऑक्शन के जरिए की जाएगी।

इसके लिए नए सिरे से नीति तैयार की जा रही है। दरअसल पहले इन क्योस्क का संचालन एजेंसी के जरिए कराया जाना था। जिसके लिए चार बार टेंडर जारी किए गए। लेकिन कंपनी नहीं आई। प्राधिकरण के एसीईओ सतीश पाल ने बताया कि बॉटनिकल गार्डन के सामने क्योस्क चलाने के लिए एक भी एजेंसी आगे नहीं आई जबकि सेक्टर-18 के लिए दो एजेंसियों ने आवेदन किया था। अधिकारियों का कहना है कि कम से कम तीन आवेदन आने जरूरी हैं। प्रक्रिया को चार बार किया गया।



लेकिन कंपनियों ने रुचि नहीं दिखाई। इसलिए अब ई ऑक्शन के जरिए क्योस्क का आवंटन होगा।

**स्कीम निकालकर होगा आवंटन:** इसके बाद महीने के हिसाब से आवंटी को किराया देना होगा। इसके लिए नए सिरे से नियम बनाए जा रहे है। बनने बाद प्राधिकरण सीईओ अप्रूवल लिया जाएगा। स्कीम को लॉन्च किया जाएगा। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-18 में 15 और सेक्टर-38 ए में 19 क्योस्क बनाए गए हैं। दोनों ही जगहों पर 10 से ज्यादा क्योस्क खाने-पीने की दुकानों के लिए आरक्षित किए गए हैं।

### एक नजर

## सेंट जॉन स्कूल की दो बसें आपस में टकराईं, दो बच्चे अस्पताल में भर्ती

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेंट जॉन स्कूल की दो बसों के बुधवार को आपस में टकरा जाने से दो बच्चों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना में बसों में सवार 30 से अधिक बच्चे बुरी तरह डर गए और चीख-पुकार मच गई। स्कूल से बच्चों को घर छोड़ने के दौरान यह हादसा हुआ। दोनों बसें ग्रेटर नोएडा वेस्ट क्षेत्र में चल रही थीं, जब अचानक वे आपस में टकरा गईं। हादसे की तीव्रता इतनी अधिक थी कि बच्चों में अफरा-तफरी मच गई। घटना में दो बच्चों को गंभीर चोटें आई हैं। दोनों घायल बच्चों को तुरंत यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। प्राथमिक उपचार के बाद बाकी बच्चों को उनके अभिभावकों को सौंप दिया गया। स्कूल प्रशासन दोनों बस ड्राइवरों से पूछताछ कर रही है। अभिभावक इस घटना से काफी आक्रोशित हैं और स्कूल बसों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं।

## रिश्वत मांगने के आरोप में फायरमैन निलंबित

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** एनओसी के नाम पर रिश्वत मांगने के आरोप में सेक्टर-58 फायर स्टेशन में तैनात एक फायरमैन को निलंबित कर दिया गया। मामले की जांच जारी है। फायरमैन देवेंद्र पाल सिंह की शिकायत डीजी फायर कार्यालय से की गई थी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि डीजी कार्यालय से निलंबन की कार्रवाई की गई है।

## मेंटेनेंस संभाल रही एजेंसी पर कर्मचारियों को वेतन न देने का आरोप

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-137 स्थित सुपरटेक ईकोसिटी सोसाइटी और सेक्टर-34 स्थित पवेलियन में मेंटेनेंस का काम संभाल रही पुरानी एजेंसी वाईजी स्टेट पर कर्मचारियों का वेतन रोकने का आरोप है। एजेंसी ने अपने आखिरी कार्यकाल के करीब ढाई महीने बीत जाने के बाद भी सुरक्षा कर्मियों और हाउसकीपिंग स्टाफ को एक महीने का वेतन नहीं दिया। कर्मचारियों के अनुसार, वेतन नहीं मिलने के कारण उन्हें घर का किराया देने और राशन की व्यवस्था करने आदि में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रभावित कर्मचारियों में करीब 150 सुरक्षाकर्मी और हाउसकीपिंग स्टाफ शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, वाईजी स्टेट ने कोर्ट के आदेश के बाद 25 मार्च से सोसाइटी में मेंटेनेंस का काम बंद कर दिया था। इसके बाद रखरखाव की जिम्मेदारी अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एओए) को सौंप दी गई थी। मामले को लेकर कर्मचारियों ने पुलिस प्रशासन, श्रम उपायुक्त और जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर को लिखित शिकायत दी है। कर्मचारियों का कहना है कि कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन, शिकायतों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

## भंगेल सीएचसी और एमसीएच विंग को जोड़ने से बेहतर होंगी स्वास्थ्य सेवाएं

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-110 स्थित भंगेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) को एमसीएच विंग से जोड़ने का प्रस्ताव सामने आया है, जिसे स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। भंगेल सीएचसी में रोजाना करीब 800 से 900 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, जबकि एमसीएच विंग में यह संख्या लगभग 80 के आसपास है। ऐसे में दोनों के एकीकरण से संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव हो सकेगा। इसके साथ ही जिन मरीजों के पास खुले पैसे देने के लिए नहीं होते उनके लिए भी क्यूआर कोड बनाने की तैयारी है। एमसीएच विंग के डॉक्टर सिरोहा के अनुसार, दोनों अस्पतालों के मिलने का प्रस्ताव शासन स्तर पर विचाराधीन है। यदि यह योजना लागू होती है, तो क्षेत्र के मरीजों को एक ही स्थान पर बेहतर और समग्र स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

**दोनों अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर बन रहे :** एमसीएच विंग में केवल एक डॉक्टर है। वहीं सीएचसी में 6 डॉक्टर तैनात हैं। इसके साथ ही जबकि मरीजों की संख्या काफी अधिक है। भंगेल अस्पताल में तैनात डॉ. यतेंद्र सिंह ने बताया कि यहां हर महीने 200 से 300 डिलीवरी होती हैं और कई बार महिला अस्पताल का दबाव भी यहीं संभाला जाता है।

## सौतेले पिता ने की बेटी की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जेवर थाना क्षेत्र में 14 वर्षीय किशोरी की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने उसके सौतेले पिता को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पहले अपनी बेटी की गुमशुदगी की झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस जांच में पूरा मामला हत्या का निकला। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर किशोरी का शव बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार, गांव रोही की आरआर कॉलोनी निवासी सुरेंद्र पुत्र गौरी प्रसाद ने जेवर थाने में तहरीर देकर बताया था कि उसकी 14 वर्षीय बेटी अंजली 20 अप्रैल को दूध लेने दुकान पर गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला था। इस आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने परिवार और आसपास के लोगों से पूछताछ की। छानबीन में पता चला कि किशोरी अंजली का अपने सौतेले पिता सुरेंद्र से अक्सर विवाद होता था। पुलिस को शक होने पर सुरेंद्र से सख्ती से पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 20 अप्रैल को घर में हुए विवाद के दौरान उसने अंजली के साथ मारपीट की, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद घबराकर उसने शव को कानीगढ़ी और जेवर खादर के बीच यमुना पुस्ता रोड स्थित शीशम की झाड़ियों में छिपा दिया था। खुद को बचाने के लिए उसने थाने पहुंचकर बेटी की गुमशुदगी की झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## जन आक्रोश महिला सम्मेलन आयोजित

**नोएडा।** भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर ने सेक्टर-116 स्थित जिला कार्यालय पर जन आक्रोश महिला सम्मेलन का आयोजन मंगलवार को किया गया। पार्टी के नोएडा अध्यक्ष महेश चौहान की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में महिला नेत्रियों ने विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष बिमला बॉथम और पूर्व महिला आयोग उपाध्यक्ष सुषमा सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में अभियान संयोजक महेश अवाना, प्रज्ञा पाठक, कार्यक्रम संयोजक डिंपल आनंद और कार्यक्रम का संचालन शारदा चतुर्वेदी ने किया।

# श्रमिक दिवस... 26 जगहों पर लगेंगे शिविर, सरकारी योजनाओं और बैंकिंग सेवाओं की मिलेगी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** एक मई यानी श्रमिक दिवस के मौके पर जिले में बैंकों की ओर से श्रमिक बस्तियों में 26 कैंप लगाए जाएंगे। इनमें मजदूरों को सरकारी योजनाओं और बैंकिंग सेवाओं की पूरी जानकारी दी जाएगी। पहल का उद्देश्य उन श्रमिकों तक सुविधाएं पहुंचाना है, जो अब तक बैंकिंग व्यवस्था से पूरी तरह नहीं जुड़ पाए हैं। लीड बैंक अधिकारी के अनुसार, इन शिविरों का आयोजन सुबह से शाम तक जिले में भंगेल, सलारपुर, बरौला, चौड़ा, ककराला, हरोल, दादरी, सेक्टर-16, सर्फाबाद, नयाबास, सेक्टर-15, सेक्टर-22, सेक्टर-8 मल्कपुर, वेदपुरा, सुरजपुर, मंगरोली, कुलेसरा, खोड़ा, इलाहाबास, गेझा, मामूरा और छलेरा जैसे क्षेत्रों में होगा। ये श्रमिक बहुल इलाके हैं। इन कैंपों में पंजाब नेशनल बैंक, एचडीएफसी बैंक, यूपी ग्रमीण बैंक, एकसेस, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब सिंध बैंक, सेंटर्ल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और केनरा बैंक समेत करीब 16 बैंक भाग लेंगे।

**इन योजनाओं से जोड़ने की तैयारी:** कैंप में श्रमिकों को कई महत्वपूर्ण सुविधाएं दी जाएंगी। बचत खाता और प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत खाते खोले जाएंगे, जिससे मजदूर सीधे बैंकिंग प्रणाली से जुड़ सकेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना में भी पंजीकरण कराया जाएगा। साथ ही श्रमिकों को डिजिटल लेनदेन के प्रति जागरूक करने के लिए यूपीआई के उपयोग की जानकारी दी जाएगी। धोखाधड़ी से बचने के तरीके भी बताए जाएंगे। इसके अलावा हेल्थ इंश्योरेंस की सुविधा भी मिलेगी।

**सेवाओं से जुड़ने के लिए ये दस्तावेज साथ लाना जरूरी:** बैंक अधिकारियों ने बताया कि खाता खोलने के लिए श्रमिकों को आधार कार्ड, पैन कार्ड और आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना जरूरी होगा। कई बार लोग मोबाइल फोन साथ लाना भूल जाते हैं, जिससे प्रक्रिया में दिक्कत आती है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने जिला कारागार का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर के निर्देशों के क्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर शिवानी रावत द्वारा आज जिला कारागार गौतमबुद्धनगर का विजिट एवं मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेलर द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में जिला कारागार गौतमबुद्धनगर में 2501 बंदी निरूद्ध हैं तथा महिला बंदियों के साथ 03 शिशु भी रह रहे हैं। यह भी बताया गया कि कारागार में कोई भी बंदी निर्धारित सजा से अधिक अवधि तक निरूद्ध नहीं है। साथ ही इण्डिया विजन फाउंडेशन द्वारा बंदियों के कौशल विकास हेतु हेयर सैलून, डान्स क्लास, संगीतशाला, पेंटिंग एवं सिलाई कार्य जैसी विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिससे बंदी समय का सदुपयोग करते हुए कौशल प्राप्त कर सकें और रिहाई के बाद समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। सचिव द्वारा निरीक्षण के दौरान किशोर एवं महिला बंदियों के बैरकों का निरीक्षण किया गया तथा उनसे उनके मुकदमों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। बंदियों के प्रकरणों से संबंधित कार्ड में आवश्यक सुधार किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों के बीच कार्यरत पराविधिक स्वयंसेवकों द्वारा किए जा रहे कार्यों से संबंधित अभिलेखों का भी अवलोकन किया गया तथा आवश्यक सुधार हेतु संबंधित को निर्देश दिए गए।



निरीक्षण के दौरान जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया कि बैरकों में साफ-सफाई, बंदियों के स्वास्थ्य, खान-पान की गुणवत्ता एवं अन्य सुविधाएं जेल मैनुअल के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। साथ ही ग्रीष्मकालीन मौसम के दृष्टिगत महिला बैरक में रह रहे शिशुओं एवं वृद्ध बंदियों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक ब्रजेश कुमार एवं जेलर संजय साही उपस्थित रहे।

## वाहनों की टक्कर से दो लोगों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ईकोटेक तीन और दादरी कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। कुलेसरा स्थित हिंडन पुल के समीप सड़क पर पैदल जा रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। दादरी में आरवी नॉर्थलैंड के समीप सड़क पर खड़े एक युवक को कार ने टक्कर मार दी।

जानकारी के मुताबिक मूलरूप से फर्रुखाबाद का रहने वाला राजेश कुलेसरा में किराए के मकान में रहता था। वह नोएडा स्थित एक फैक्टरी में नौकरी करता था। राजेश रोजाना की तरह मंगलवार की सुबह घर से फैक्टरी जाने के लिए निकाला। हिंडन पुल के समीप पहुंचा तो किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में राजेश की मौत हो गई। राजेश के साले अमित ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।

**कार ने युवक को कुचला:** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के आकिलपुर जागीर गांव का रहने वाला दिनेश 18 अप्रैल को दादरी के चिटहेरा गांव से गुजर रहा था। इआरवी नॉर्थलैंड के समीप फ्लाईओवर पर सीमेंट से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। इसे देखकर दिनेश सड़क पर ही रुक गया।

इसी बीच एक बेकाबू कार ने दिनेश को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने पर उसे पहले नजदीक के अस्पताल भर्ती करवाया गया। इसके बाद दिल्ली के अस्पताल में रेफर कर दिया गया, जहां 25 अप्रैल को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# 30 एकड़ में बन रहा एनसीआर का पहला डियर पार्क

■ **अक्टूबर** 2026 **तक शुभारंभ का लक्ष्य, सेंट्रल जू अथॉरिटी के निर्देशों पर हो रहा निर्माण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-91 में करीब 30 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित किए जा रहे डियर पार्क की प्रगति को लेकर मंगलवार को नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने समीक्षा बैठक की। बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, परियोजना और उद्यान विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, वन्यजीव विशेषज्ञ और रिटायर्ड आईएफएस अधिकारी भी मौजूद रहे।

बैठक में डियर पार्क के एंट्री प्लाजा के डिजाइन, हिरणों और अन्य वन्यजीवों के लिए बनाए जाने वाले इनक्लोजर, हरित क्षेत्र, विजिटर सुविधाओं और निर्माण कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि पार्क में आने वाले लोगों के लिए बैटरी से चलने वाली गोल्फ कार्ट, ईवी चार्जिंग स्टेशन, आधुनिक टॉयलेट, पेयजल व्यवस्था और धूप से बचाव के लिए शेड व हट जल्द तैयार किए जाएं।

**अक्टूबर** 2026 **में होगा उद्घाटन:** मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पार्क का निर्माण कार्य तेजी से पूरा कर अक्टूबर 2026 तक इसका उद्घाटन सुनिश्चित किया जाए। प्राधिकरण का मानना है कि यह परियोजना नोएडा ही नहीं बल्कि पूरे गौतमबुद्ध नगर और एनसीआर के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगी। अधिकारियों के अनुसार वर्तमान समय में हिरणों सहित कई वन्यजीव प्रजातियों की संख्या लगातार घट रही है।



**मिनी चिड़ियाघर की तर्ज पर बनेगा:** ऐसे में डियर पार्क जैव विविधता संरक्षण, वन्यजीवों के सुरक्षित आवास और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यहां लोगों को वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति जागरूक करने का अवसर भी मिलेगा।

नोएडा प्राधिकरण ने बताया कि यह डियर पार्क सेंट्रल जू अथॉरिटी के दिशा-निर्देशों के तहत मिनी चिड़ियाघर की तर्ज पर एक स्वतंत्र इकाई के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके शुरू होने के बाद यह परिवारों, बच्चों और प्रकृति प्रेमियों के लिए नया आकर्षण केंद्र बनेगा।

# कंपनी के स्टोर से मोबाइल चुराने वाला कर्मी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट स्थित फ्लिपकार्ट के स्टोर से मोबाइल और स्मार्ट वॉच चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी कंपनी का कर्मचारी निकला। पुलिस ने चोरी किए गए मोबाइल और स्मार्ट वॉच बरामद कर लिए। पुलिस के मुताबिक इटेडा में फ्लिपकार्ट कंपनी का स्टोर है। पुलिस को सूचना मिली कि स्टोर से सात मोबाइल और एक स्मार्ट वॉच चोरी की गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरी करने वाले की तलाश शुरू की। पुलिस की जांच में पता चला कि स्टोर में काम करने वाले कर्मचारी मोहम्मद हसनत ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी मोहम्मद हसनत बदायूं का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी किए गए पांच मोबाइल और एक स्मार्ट वॉच बरामद की है। चोरी हुए दो मोबाइल फोन अब तक नहीं मिले हैं। पुलिस इनके बारे में आरोपी से पूछताछ कर रही है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

